संख्या-8 /2024/।/492675/2024/डी-29 /38-2-2024

प्रेषक,

प्रहलाद बरनवाल,

संयुक्त सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,

ग्राम्य विकास,

उ0प्र0।

ग्राम्य विकास अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 12 फरवरी, 2024

विषय-जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के सेवानिवृत्त कार्मिकों को ग्रेच्युटी की चतुर्थ किश्त की धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-08/लेखा-पेंशन/डी0आर0डी0ए0 प्रशा0/(ग्रेच्युटी) /2023 -24, दिनांक 24 जनवरी, 2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से डी0आर0डी0ए0 प्रशासनिक योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्ष- 2501- ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम- 01-समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम- 800- अन्य व्यय- 03-जिला ग्राम्य विकास अभिकरणों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को ग्रेच्युटी का भुगतान- 20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के मद में प्राविधानित कुल धनराशि रू0 1500.00 लाख के सापेक्ष चतुर्थ किश्त के रूप में रू0 250.00 लाख अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक- 2501-ग्राम्य विकास के लिए विशेष कार्यक्रम-01-समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-03-जिला ग्राम्य विकास अभिकरणों के सेवानिवृत्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

कार्मिकों को ग्रेच्युटी का भुगतान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के मद की चतुर्थ किश्त की धनराशि रू0 250.00 लाख (रूपये दो करोड़ पचास लाख मात्र) निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

<u>नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों</u>

(1) आकड़ों की शुद्धता का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास उ0प्र0, लखनऊ का होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत प्रस्ताव का परीक्षण बजट की उपलब्धता के आधार पर किया गया है। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अंतर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियम संगत व्यय व स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास उ0प्र0, लखनऊ का होगा।

(4) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत निर्धारित मद में किया जायेगा। अन्य किसी मद में किया जाना वाला व्यय अनुमन्य न होगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर यदि किसी ऐसे खाते में रखा जाता है जिसमें ब्याज अर्जित होता है, तो अर्जित ब्याज को निर्धारित लेखाशीर्ष में जमा कराने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ का होगा।

(6) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जायेगा। प्रश्नगत मद में कोई धनराशि शेष बचती है, तो उसे निर्धारित लेखाशीर्ष में जमा किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(7) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-27/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 व अन्य संगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या- 13 के लेखाशीर्ष- 2501-ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम-01-समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-03-जिला ग्राम्य विकास अभिकरणों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को ग्रेच्युटी का भुगतान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कम्प्यूटर द्वारा अशासकीय संख्या-यू0ओ0-ई0-2-255/दस-2023-24, दिनांक-06.02.2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
प्रहलाद बरनवाल
संयुक्त सचिव।

संख्या-8/ 2024/।/492675/2024/डी-29 /38-2-2024 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
(3) श्री राजेन्द्र राम, उप सचिव/नोडल अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(4) अपर आयुक्त (वित्त) ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) समस्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0।
(6) मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(7) निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(8) वित्त (आय-व्ययक) अनु0-2/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/राज्य योजना आयोग-1/2 तथा नियोजन अनुभाग-3

(9) ग्राम्य विकास अनु0-3 ।

(10) गार्ड बुक ।

आज्ञा से,
धर्मेन्द्र कुमार पाठक
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।